प्रादेशिक समाचार
31..03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उपप्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठं नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। वयोवृद्ध नेता श्री आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और श्री आडवाणी के परिवार के सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर व्यक्तित्व लाल कृष्ण आडवाणी ने दृढ़ समर्पण और असाधारण कौशल के साथ सात दशकों से भी अधिक समय तक देश की सेवा की।

****

विपक्षी गठबंधन– आई एन डी आई ए आज दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन कर रहा है। रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी सहित विभिन्न मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। अनेक विपक्षी नेता रैली में भाग ले रहे हैं। पिछले वर्ष जून में पटना में गठबंधन की स्थापना के बाद से विपक्षी नेताओं की यह पहली जनसभा है। भारतीय जनता पार्टी ने रैली की आलोचना करते हुए कहा है कि यह कथित रूप से लोकतंत्र बचाओ रैली नहीं, बल्कि परिवार बचाओ और भ्रष्टाचार छुपाओ रैली है। नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि गठबंधन में शामिल दल भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता के संकट का सामना कर रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी विश्वसनीयता और वायदे पूरे करने की प्रामाणिकता का प्रतीक है।

****

धनबाद लोकसभा क्षेत्र से सरयू राय के खड़े होने की बात पर वासेपुर के गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा धमकी दिए जाने के मामले पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि धनबाद में भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो के विरुद्ध षड्यंत्र रचा जा रहा है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज सरायकेला में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता बैठक में शामिल होने पहुंचे थे, इस मौके पर उनके साथ सांसद गीता कोड़ा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा भी मौजूद थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि धनबाद से लोकप्रिय प्रत्याशी ढुल्लू महतो को साजिश के तहत बदनाम करने की कोशिश की गई है, वहीं वायरल ऑडियो की भी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

****

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना पुलिस ने तीन पिकअप वैन में लदे 16 पशुओं को जब्त किया है। इस मामले में तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ धनंजय राम और बगोदर थाना प्रभारी सुख सागर सिंह ने छापेमारी कर कार्रवाई की। जब्त पशुओं को मधुबन गोशाला भेजा गया है। इनमें से कई बीमार मवेशियों का पशु चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा है।

****

चतरा जिला मुख्यालय के गांव कोशिलवा से सदर थाना पुलिस ने 126 किलोग्राम अवैध डोडा और 4 किलो ग्राम अफ़ीम बरामद किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के निर्देश पर डी एस पी मुख्यालय रोहित रजवार के नेतृत्व में की गई सशस्त्र कार्यवाई में 2 व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

****

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज दो मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला दोपहर साढ़े तीन बजे अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। दूसरे मुकाबले में शाम साढ़े सात बजे विशाखापतनम के वाई. एस. राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और डेल्ही कैपिटल्स आमने सामने होंगे।

****

भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने मियामी ओपन में पुरुष डबल्स का खिताब जीत लिया है। इस जोड़ी ने क्रोएशिया के इवान डोडिक और अमरीका के ऑस्टिन क्राजिसेक को 6–7, 6–3, 10–6 से हराया। 44 वर्षीय बोपन्ना, एटीपी मास्टर्स खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी और सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। इस जीत के साथ ही उन्होंने एटीपी रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

********समाप्त*********